## चक्रधर समारोह 2024

# देशी विदेशी वाद्य यंत्रों की जादुई संगत से चक्रधर समारोह का मंच हुआ रोमांचित

## मुंबई के नामचीन कलाकार जीतू शंकर ने अपनी टीम के साथ दी फ्यूजन संगीत की प्रस्तुति

❐ तबला, संतूर, सितार, सारंगी, ड्रम्स और जैम्बे के साथ श्रोताओं की तालियों ने भी की जुगलबंदी

रायगढ़





रामलीला मैदान में आयोजित 39 वें चक्रधर समारोह के तीसरे दिन 9 सितंबर को नामचीन तबला वादक और परकशन आर्टिस्ट जीतू शंकर ने फ्यूजन संगीत की अनोखी प्रस्तुति दी। जिसमें शास्त्रीय वाद्य यंत्रों सारंगी, सितार और संतूर की सुरीली धुनों के साथ तबले की थाप व ड्रम्स और परकशन की जादुई संगत सुनने को मिली। जिससे श्रोताओं के साथ समारोह का पूरा मंच रोमांचित हो उठा। देश राग से उनकी प्रस्तुति शुरू हुई। जिसमें उन्होंने राजा चक्रधर सिंह को 'महाराज जी थारे घर आए' गीत के माध्यम से नमन किया। मंच पर वाद्य यंत्रों से जब पधारो म्हारे देश के सुर निकले तो अपने देश की मिट्टी की खुशबू संगीत के धुनों के रूप सुनने वालों के जेहन में उतर गई। संतूर में बजती पहाड़ी धुनों ने श्रोताओं को कश्मीर की वादियों में होने का एहसास दिलाया। कार्यक्रम में शांत और मधुर रागों से शुरू हुआ सांगीतिक सफर धीरे-धीरे ऊर्जावान धुनों में तब्दील हो गया, संगीत की हर धुन में भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराई और आधुनिकता का अनोखा संगम था। जीतू शंकर के साथ उनके दोनों बेटों ऋषभ शंकर ने ड्रम्स पर और जैंबे पर पीयूष शंकर ने संगत की। वहीं सारंगी पर उस्ताद शाहरुख खान, संतूर पर मंगेश जगताप, सितार पर उस्ताद सलमान खान ने संगत की।

**तालियों की थाप के साथ श्रोताओं ने की जुगलबंदी**

जीतू शंकर एंड टीम की प्रस्तुति इतनी शानदार रही की सुनने वालों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सभी वादकों के साथ जुगलबंदी की। तबला, संतूर, सितार, सारंगी और ड्रम्स और जैम्बे के साथ श्रोताओं के तालियों की थाप ने समारोह के पूरे माहौल में अद्भुत ऊर्जा भर दी।

## रामप्रसाद सारथी के सुरीले भजनों से भक्ति रस में डूबे श्रोता




चक्रधर समारोह की तीसरी शाम संगीत विशारद से सम्मानित रामप्रसाद सारथी के शास्त्रीय गायन से शुरू हुआ। उनके मधुर स्वर से सजे भजनों से श्रोताओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। ईश्वर और भक्त के बीच के संवाद को उन्होंने भजन 'हे ईश्वर आपने हमे क्या नही दिया, हमें मालूम हमने आपके लिए क्या किया, ऐसा क्या काम किया मैंने कि तूने मेरा हाथ थाम लिया के जरिए बड़ी खूबसूरती से पहुंचाया।

## रायगढ़ की जया दीवान ने दी कथक नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति



रायगढ़ की कथक नृत्यांगना जया दीवान ने अद्भुत नृत्य प्रस्तुति दी। जया दीवान ने अपनी प्रस्तुति में पारंपरिक कथक के साथ-साथ आधुनिक शैलियों का समावेश करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी नृत्य कला में शुद्ध तकनीकी कौशल के साथ भाव और अभिव्यक्ति का भी अनोखा मिश्रण देखने को मिला। जया की प्रस्तुति के दौरान कथक के गति और घुंघरू की अद्भुत तालमेल शामिल रही। जया की प्रस्तुति को दर्शकों ने भरपूर सराहना दी।



## शैंकी सिंह ने गणेश वंदना में दिखाई कथक की मोहक बारीकियां

पद्म विभूषण पंडित बिरजू महाराज के शिष्य शैकी सिंह ने नई शैली में कथक की प्रस्तुति दी। उन्होंने भगवान गणेश की स्तुति वंदना पर आधारित गजमुख लागे अति सुन्दर.. गरजत-गरजत घनघोर बादल... पर आकर्षक कथक नृत्य की प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। वे अल्पायु से कथक सीख रहे हैं और वर्तमान में कथक की बारीकियों पर शोध कर रहे है, जो उनकी प्रस्तुति में उनकी भाव-भंगिमा, मुद्राओं में स्पष्ट रूप से दिखायी दी। कई पुरुस्कारों से सम्मानित कलाकार शैंकी सिंह ने कथक नृत्य की प्रस्तुति से राजा चक्रधर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आज 10 सितम्बर को ग्रैमी अवार्ड विजेता राकेश चौरसिया करेंगे बांसुरी वादन

❐ मो.चांद अफजल कादरी का होगा कव्वाली

❐ प्रभंजय चतुर्वेदी का होगा भजन एवं गजल गायन

39 वां चक्रधर समारोह के चतुर्थ दिवस 10 सितम्बर को ग्रैमी अवार्ड विजेता बांसुरी वादक राकेश चौरसिया बांसुरी वादन से अपनी धुनों का जादू बिखरेंगे। समारोह में दिल्ली के प्रसिद्ध कव्वाल मो.चांद अफजल कादरी कव्वाली पेश करेंगे। इसी तरह अनिता शर्मा, रायगढ़ भजन गायन पर प्रस्तुति देंगी। समारोह इस कड़ी में नीत्या खत्री, रायगढ़ द्वारा कथक, तपसीर मोहम्मद एवं साथी, रायपुर द्वारा अकार्डियन वादन, शिव प्रसाद राव, दिल्ली द्वारा शास्त्रीय गायन, बासंती वैष्णव एवं ज्योतिश्री बोहिदार द्वारा कथक (रायगढ़ घराना)एवं प्रभंजय चतुर्वेदी, रायपुर भजन एवं गजल गायन पर प्रस्तुति देंगे।

### प्रसिद्ध कव्वाल चांद अफजल कादरी 10 सितंबर को देंगे कार्यक्रम

प्रसिद्ध कव्वाली गायक चांद अफजल कादरी का चक्रधर समारोह में कार्यक्रम जो 9 सितंबर को निर्धारित था, कादरी के अपरिहार्य निजी कारणों से आज स्थगित किया गया है। कादरी द्वारा कव्वाली का कार्यक्रम कल 10 सितंबर, मंगलवार को होगा। कल सभी कार्यक्रम शाम 5.30 बजे से प्रारंभ होंगे।

## सुश्री धरित्री सिंह चौहान ने दी आकर्षक कथक की प्रस्तुति




रायगढ़ के ही निवासी रायगढ़ घराने की कथक कलाकार धरित्री सिंह चौहान आकर्षक कथक की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन जीता। उन्होंने श्रीरामचंद्र कृपालु भजमन.. से कथक की शुरूआत कर अलग -अलग छंद-छंद में अपनी चाल की बेहद अमिट छाप छोड़ी

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 916.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 9 सितम्बर तक 916.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 8.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1143.6 मिली मीटर, पुसौर में 991.6, खरसिया में 882.6, घरघोड़ा में 966.7, तमनार में 838, लैलूंगा में 780.8, मुकडेगा में 837.7, धरमजयगढ़ में 819.8 छाल में 930.8 एवं कापू में 973.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### छ.ग.पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आर.एस.विश्वकर्मा का दो दिवसीय रायगढ़ प्रवास

#### 12 सितम्बर को चक्रधर समारोह कार्यक्रम में होंगे शामिल

**रायगढ़।** आर.एस.विश्वकर्मा,आई.ए.एस.(से.नि.) अध्यक्ष, केबिनेट मंत्री (दर्जा), छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग 12 एवं 13 सितम्बर को दो दिवसीय रायगढ़ प्रवास पर आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विश्वकर्मा 12 सितम्बर को दोपहर 1 बजे रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर सायं 5 बजे रायगढ़ सर्किट हाऊस आयेंगे एवं सायं 7 बजे चक्रधर सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल होंगे। विश्वकर्मा रात्रि विश्राम रायगढ़ में करेंगे। छ.ग.पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष विश्वकर्मा 13 सितम्बर को प्रात: 10 बजे भूपदेवपुर के लिए प्रस्थान करेंगे एवं वहां पिछड़ा वर्ग के जनप्रतिनिधियों से भेंट व चर्चा करेंगे। तत्पश्चात वहां से दोपहर 12 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### गाज की चपेट में आकर मवेशियों की मौत

**कांकेर-रायपुर (आरएनएस)।** अंतागढ़ विकासखंड के आतुर बेड़ा में आकाशीय बिजली का कहर देखने को मिला। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दर्जनों मवेशियों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मवेशी मालिक सोमारू गुरटी का 4 गाय, 3 बैल और 12 बकरा एक जगह पर थे। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। इन मवेशियों की मौत से बड़ा नुकसान उठाने वाले पशु पाल प्रशासन से राहत की उम्मीद लगा रहा है। वहीं सूरजपुर जिले के राजगढ़ में तेज रफ्तार कार ने गौवंश को कुचल दिया। हादसे में 6 गायों की मौत हो गई है। नरसिंहगढ़-भोपाल हाइवे में यह हादसा हुआ है जो कि नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र का मामला है।

## प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला आयोजित

रायगढ़



कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा भगवान बलराम जयंती को किसान दिवस के रूप में आयोजित किया गया। जिसके तहत प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला का आयोजन आज किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी उपस्थित रही। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बलराम के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहित किया गया साथ ही भगवान बलराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाले।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सीताराम पटेल भारतीय किसान संघ सारंगढ़ द्वारा किसानों को गौवंश आधारित टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने हेतु अपील किये। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बी.एस. राजपूत द्वारा कृषि को लाभदायक बनाने तथा कृषकों के आय को दुगुनी करने के लिये कृषि लागत को कम करने एवं समन्वित कृषि प्रणाली को अपनाने हेतु सलाह दिये। डॉ. ए.के. सिंह, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र रायगढ़ द्वारा किसानों को पर्यावरण को संतुलन बनाये रखने के लिये प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने हेतु सलाह दियें। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में रमेश बेहरा, सदस्य भारतीय किसान संघ एवं दादूराम चंद्रा, प्रगतिषील कृषक द्वारा किसानों को खेती के विविधीकरण के बारे में बताया जिससे किसानों के आय में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर से सीधा प्रसारण प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम, भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी, बृजमोहन अग्रवाल, सांसद, रायपुर, मोतीलाल साहू, विधायक, रायपुर ग्रामीण, डॉ. गिरीश चंदेल, कुलपति, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एवं सुरेश चन्द्रवंशी, अध्यक्ष, भारतीय किसान संघ, छत्तीसगढ़ प्रान्त द्वारा किसानों को सम्बोधित किये।

इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र से डॉ. मनीषा चौधरी, डॉ. के.के. पैकरा, डॉ.के.डी. महंत, डॉ. सी.पी. एस. सोलंकी, डॉ. सविता आदित्य, डॉ. संदीप पैकरा, डॉ. कन्हैया पटेल, आषुतोष सिंह व कृषि एवं जैव प्रौद्यगिकी विभाग, रायगढ़ से एच. के. भगत सहायक संचालक कृषि, सुकदेव सिदार कार्यालय उप संचालक कृषि आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में जिले के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किये एवं इस अवसर पर जिले के किसान गोकुल यादव, जय पटेल, सुनील प्रधान, दादूराम चन्दा, रामलाल चौधरी, भीमाशंकर गुप्ता, बालकृष्ण साहू, मत्थुराम राठिया एवं अन्य कृषक उपस्थित रहे।

## मोबाइल फोन के विवाद में छोटे भाई ने किया बड़े भाई पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़



ग्राम तिलगा, थाना चक्रधरनगर में मोबाइल फोन के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब 18 वर्षीय बोधराम राठिया ने अपने बड़े भाई सूरज उर्फ सरोज राठिया पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। विवाद तब शुरू हुआ जब सरोज ने अपने छोटे भाई बोधराम से उसका रियलमी मोबाइल मांगा, जिसे बोधराम ने देने से मना कर दिया। गुस्से में आकर सरोज ने मोबाइल पटककर तोड़ दिया, जिससे नाराज होकर बोधराम ने सब्जी काटने वाले चाकू (परसूल) से सरोज के सिर और गर्दन पर कई बार हमला कर दिया। आहत के नजदीकी रिश्तेदार संतोष राठिया (उम्र 27 वर्ष) ने कल घटना की रिपोर्ट थाना चक्रधरनगर में दर्ज कराया गया, रिपोर्टकर्ता ने बताया कि ग्राम तिलगा में महेश राठिया के तीन बेटे-सुरेश(22), सरोज(20), बोधराम(18) हैं। 08 सितंबर के शाम करीब 07.00 बजे की घटना है।

घायल सरोज राठिया को तुरंत रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, लेकिन गंभीर स्थिति के चलते उसे बिलासपुर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बोधराम राठिया को हिरासत में लिया। पूछताछ में बोधराम ने हमले की बात कबूल की और बताया कि उसने मेहनत से कमाए पैसे से मोबाइल खरीदा था, जिसे उसके बड़े भाई ने जानबूझकर तोड़ दिया था, इसीलिए उसने गुस्से में आकर यह हमला किया। पुलिस ने घटनास्थल से खून से सनी मिट्टी, चाकू (परसूल) को जब्त कर अन्य गवाहों के बयान दर्ज किए। आरोपी बोधराम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रशांत राव आहेर के नेतृत्व में एएसआई नंद कुमार सारथी, आरक्षक चुडामणी गुप्ता और शैलेन्द्र पैंकरा की अहम भूमिका रही।

## बाइक पर महुआ शराब की तस्करी कर रहे आरोपी को खरसिया पुलिस ने किया गिरफ्तार, 30 लीटर अवैध शराब, बाइक जब्त

**रायगढ़।** थाना खरसिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम पामगढ़ में दबिश देकर अवैध महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आरोपी बिट्टू डनसेना (उम्र 25 वर्ष) निवासी जबलपुर, थाना भूपदेवपुर से 30 लीटर महुआ शराब और एक पल्सर मोटर साइकिल (क्रमांक CG13 AV 1871) बरामद की गई है। जप्त महुआ शराब की कीमत रु.3,100 बताई जा रही है। इसके साथ ही रु.1,00,000 मूल्य की पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। पुलिस ने मुखबिर सूचना पर शराब रेड कार्यवाही की है, आरोपी के खिलाफ थाना खरसिया में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस छापेमारी में सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर, आरक्षक सत्यनारायण सिदार, अशोक कंवर और योगेश साहू शामिल थे।

## राज्य स्तरीय उल्लास मेले में रायगढ़ जिले से 13 सदस्यीय टीम हुई शामिल

❐ शिक्षार्थियों को अक्षर और अंक ज्ञान देने नवाचार प्रयोग की प्रदर्शनी लगाई गई

रायगढ़




राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा अनुशंसित उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साईंस कालेज मैदान रायपुर में राज्य स्तरीय उल्लास मेले का उद्घाटन किया। मुख्य मंत्री ने उल्लास साक्षरता अभियान के लिए लगाई गई नवाचारी गतिविधि प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काट कर किया। उन्होंने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया और असाक्षरों को अक्षर तथा अंक ज्ञान कराने के लिए यहां प्रदर्शित नवाचारी प्रयोगों की सराहना की। मुख्यमंत्री द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में एक लाख उल्लास साक्षरता केन्द्रों का वर्चुअली लोकार्पण कर दस लाख शिक्षार्थियों को शिक्षित करने का संकल्प दिलाया।

प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शासकीय शिक्षक शिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षार्थियों द्वारा निर्मित सबके लिए शिक्षा डिजिटल साक्षरता की थीम पर बनी रंगोली की सराहना की। उक्त राज्य स्तरीय कार्यक्रम में रायगढ़ जिले के 13 प्रतिभागियों का दल जिला परियोजना अधिकारी देवेंद्र कुमार वर्मा के अगुवाई में सम्मिलित हुआ। राज्य स्तरीय उल्लास मेले में जिले से 02 नवसाक्षर एवं 02 स्वयं सेवी शिक्षकों के साथ ही नवाचारी गतिविधियों के अंतर्गत टीएलएम की संभाग स्तरीय प्रदर्शनी में विकासखंड धरमजयगढ़ के नवाचारी शिक्षक निरंजन पटेल एवं विकासखंड पुसौर की नवाचारी शिक्षिका ओम कुमारी पटेल ने अपने द्वारा निर्मित टीएलएम का प्रदर्शन किया। बुनियादी, सतत एवं डिजिटल साक्षरता आधारित शैक्षिक सामग्री का अवलोकन सर्वप्रथम शिक्षा सचिव के द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री ने संभाग स्तरीय स्टॉल के अवलोकन के दौरान रायगढ़ के अंकगणित पर आधारित जादुई काड्र्स के संबंध में मुख्यमंत्री ने विस्तार से चर्चा कर प्रशंसा की। रायगढ़ जिले के स्टाल में काड्र्स व कट-आउट्स के माध्यम से वर्ण और अंकों का बुनियादी ज्ञान तथा कौशल के साथ साक्षर बनाने के गतिविधियों पर आधारित टीएलएम का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से खेल-खेल में वर्ण ज्ञान नवसाक्षरों के लिए माडल प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी में छतरी के माध्यम से वर्ण व अंक ज्ञान का नवाचार का प्रदर्शन किया गया। उल्लास कार्यक्रम पर केन्द्रित संभाग के अनुसार प्रत्येक जिले की प्रदर्शनी लगाई गई थी। उक्त प्रदर्शनी में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को शिक्षार्थियों तक पहुंचाने के लिए अपनाई जा रही बेस्ट प्रैक्टिसेस, नवाचारी गतिविधियों, वातावरण निर्माण एवं विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया था। प्रत्येक जिले से 02 स्वयंसेवी शिक्षकों एवं 02 शिक्षार्थी जिन्होंने सफलतापूर्वक अध्ययन किया हो जिनकी जिन्दगी में बदलाव आया हो ऐसे शिक्षार्थियों का सम्मान उल्लास मेले के दौरान किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480